**Series OSS**

Code No. **232**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **8** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **20** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **20** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# ACCOUNTING FOR BUSINESS – II

# व्यवसाय हेतु लेखांकन – II

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 60*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 60*

***Instructions :*** ***All*** *questions are compulsory. Give working notes wherever necessary*

***निर्देश :*** ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । जहाँ आवश्यक हो, कार्यकारी टिप्पणियाँ दीजिए ।*

1. When one financial figure is expressed in terms of another financial figure, name the relationship established between them. *1*

जब एक वित्तीय अंक को दूसरे वित्तीय अंक के सम्बन्ध में व्यक्त किया जाता है तो उन दोनों के मध्य स्थापित सम्बन्ध का नाम बताइए ।

2. Give the meaning of partly secured loan. *1*

आंशिक सुरक्षित ऋण का अर्थ बताइए ।

3. When is an Investment treated as a Fixed Asset ? *1*

विनियोग को स्थाई सम्पत्ति कब माना जाता है ?

4. Explain in brief the meaning of Cost Accounting. *1*

लागत लेखाकरण का संक्षेप में अर्थ समझाइए ।

5. Is it essential for a Private Company to obtain a certificate of commencement of business ? *1*

क्या एक निजी कम्पनी को व्यापार आरम्भ करने के लिए प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है ?

6. Explain the meaning of Accounting framework. *1*

लेखाकरण ढाँचे का अर्थ समझाइए ।

7. Under which heading will you show the following in the Balance Sheet of a company as per Schedule VI Part I of the Companies Act 1956 ? *2*

Calls in arrears, Uncalled liabilities on partly paid shares, Stores & spare parts, Shares of State Bank of India.

कम्पनी अधिनियम 1956 की सारणी VI भाग I के अनुसार निम्नलिखित को स्थिति-विवरण के किस शीर्षक के अन्तर्गत दिखलाएँगे ?

बकाया माँग, आंशिक भुगतान किए हुए अंशों पर अयाचित देनदारियाँ, स्टोर्स एण्ड स्पेयर पार्ट्स, स्टेट बैंक ऑफ इन्डिया के अंश ।

8. From the following Balance Sheet, calculate Debt-Equity ratio : 2

**Balance Sheet**

| Liabilities | Amount Rs. | Assets | Amount Rs. |
|---|---|---|---|
| Share Capital | 64,700 | Fixed Assets | 80,000 |
| Reserve & Surplus | 4,300 | Investments | 15,000 |
| Secured loan | 24,000 | Current Assets | 17,500 |
| Unsecured loan | 21,000 | Loans & advances | 2,500 |
| Current liabilities | 7,000 | Miscellaneous Expenditure | 5,000 |
| Provisions | 3,000 | Profit & Loss A/c | 4,000 |
| | 1,24,000 | | 1,24,000 |

निम्नलिखित स्थिति विवरण से ऋण-समता अनुपात की गणना कीजिए :

**स्थिति विवरण**

| देयताएँ | राशि रु. | सम्पत्तियाँ | राशि रु. |
|---|---|---|---|
| अंश पूँजी | 64,700 | स्थाई सम्पत्तियाँ | 80,000 |
| संचय एवं आधिक्य | 4,300 | विनियोग | 15,000 |
| सुरक्षित ऋण | 24,000 | चालू सम्पत्तियाँ | 17,500 |
| असुरक्षित ऋण | 21,000 | ऋण एवं अग्रिम धन | 2,500 |
| चालू देयताएँ | 7,000 | विविध व्यय | 5,000 |
| आयोजन | 3,000 | लाभ-हानि खाता | 4,000 |
| | 1,24,000 | | 1,24,000 |

9. How is an Investment Account maintained in the books of a company ? Explain briefly. *3*

एक कम्पनी की बहियों में विनियोग खाते का रख-रखाव किस प्रकार किया जाता है ? संक्षेप में समझाइए ।

10. On 1st December, 2009, Mr. X purchased 400, 6% Debentures of Rs. 100 each at Rs. 110 ex-interest of Z Ltd. from Mr. Y for cash. Interest is payable on 31 March and 30 September every year.

How will you record the transactions in the books of Mr. X & Mr. Y if each party had to pay bank commission of 20 paise percent ? *3*

1 दिसम्बर, 2009 को मि. एक्स ने 400, 6% ऋणपत्रों का जो प्रत्येक 100 रु. का था, क्रय 110 रु. की दर से ब्याज रहित जो जैड लिमिटेड के थे, मि. वाई से नकद में किया । ब्याज प्रतिवर्ष 31 मार्च तथा 30 सितम्बर को देय है ।

आप इस लेनदेन को मि. एक्स तथा मि. वाई की पुस्तकों में किस प्रकार लिखेंगे यदि प्रत्येक पक्ष को 20 पैसे प्रतिशत की दर से बैंक को कमीशन देना है ?

11. Units produced are 0, 10, 20, 30, 40 & 50. Fixed cost is Rs. 18,000 and Variable cost is Rs. 15,000 at the production of 20 units. Prepare a table showing Variable cost, Total cost and Average total cost. *3*

0, 10, 20, 30, 40 तथा 50 यूनिट उत्पादित किए गए । स्थाई लागत 18,000 रु. है तथा परिवर्तनीय लागत 20 यूनिटों के उत्पादन पर 15,000 रु. है । एक सारणी बनाकर परिवर्तनीय लागत, कुल लागत तथा औसत कुल लागत दर्शाइए ।

12. What is meant by a Private Company ? Explain any two features of a Private Company. *3*

एक निजी कम्पनी से क्या आशय होता है ? निजी कम्पनी के कोई दो लक्षण समझाइए ।

13. If Stock turnover is 8 times, Gross Profit at 25% on Sales is Rs. 60,000 and Opening Stock is Rs. 5,000 less than the Closing Stock, find Opening and Closing Stock. *4*

यदि स्कन्ध आवर्त 8 गुणा हो, सकल लाभ बिक्री का 25% जो 60,000 रु. हो तथा आरम्भिक स्कन्ध, अन्तिम स्कन्ध से 5,000 रु. कम हो, तो आरम्भिक स्कन्ध तथा अन्तिम स्कन्ध की गणना कीजिए ।

14. "Insurance is a kind of investment." How ? Explain. *4*

"बीमा एक प्रकार का विनियोग है ।" कैसे ? समझाइए ।

**15.** What is Memorandum of Association ? Explain its clauses in brief. *4*

संस्थापन प्रलेख क्या है ? इसके उपवाक्यों को संक्षेप में समझाइए ।

**16.** Explain any four features of Computerized Accounting System. *4*

अभिकलित्र लेखांकन प्रणाली के किन्हीं चार लक्षणों को समझाकर लिखिए ।

**17.** Explain the meaning of NRI Banking and Corporate Banking. *5*

अनिवासी भारतीय बैंकिंग तथा कम्पनी (कौरपोरेट) बैंकिंग के अर्थ समझाइए ।

**18.** Explain the steps to develop a Payroll system. *5*

पेयरोल पद्धति को विकसित करने के कदमों को समझाकर लिखिए ।

**19.** From the following Comparative Balance Sheets prepare Cash Flow Statement as per Accounting Standard III :

**Balance Sheet**

| Liabilities | 2007 – 08 (Rs.) | 2008 – 09 (Rs.) | Assets | 2007 – 08 (Rs.) | 2008 – 09 (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| Share Capital | 30,000 | 50,000 | Goodwill | 5,000 | 3,000 |
| General Reserve | 6,000 | 10,000 | Building | 30,000 | 21,000 |
| Profit and Loss A/c | 8,000 | 5,000 | Machinery | 20,000 | 40,000 |
| 9% Debentures | 9,000 | 4,000 | Investment | 10,000 | 12,000 |
| Loan 12% | 3,000 | 5,000 | Stock | 6,000 | 4,000 |
| Creditors | 8,000 | 5,000 | Debtors | 5,000 | 12,000 |
| Bills Payable | 6,000 | 7,000 | Cash | 3,000 | 2,000 |
| Bank Overdraft | 7,000 | 4,000 | Discount on issue of debentures | 2,000 | 1,000 |
| Provision for Tax | 4,000 | 5,000 | | | |
| | 81,000 | 95,000 | | 81,000 | 95,000 |

*Adjustments :*

(i) Tax paid during the year Rs. 2,500.

(ii) Building costing Rs. 9,000 was sold at a profit of Rs. 1,000.

(iii) 40% of Investments were sold at 80%. *6*

**OR**

Following is the Balance Sheet of Mr. X, a sole trader on 31 March, 2009. You are required to prepare Cash Flow Statement :

**Balance Sheet**

| Liabilities | 2007 – 08 (Rs.) | 2008 – 09 (Rs.) | Assets | 2007 – 08 (Rs.) | 2008 – 09 (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors | 10,000 | 11,000 | Cash | 4,000 | 11,000 |
| Outstanding Expenses | 2,500 | 500 | Debtors | 7,500 | 5,500 |
| Loan from Mr. A | 5,000 | 2,500 | B/R | 2,500 | — |
| X's Capital | 54,000 | 84,000 | Stock | 10,000 | 14,000 |
| | | | Fixed Assets | 47,500 | 67,500 |
| | 71,500 | 98,000 | | 71,500 | 98,000 |

During the year, Mr. X introduced Rs. 10,000 as additional capital. The net profit for the year after charging Rs. 5,000 as depreciation on fixed assets, was Rs. 25,000.

लेखांकन मानक III के अनुसार निम्नलिखित तुलनात्मक स्थिति विवरणों से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए :

**स्थिति-विवरण**

| देयताएँ | 2007 – 08 (रु.) | 2008 – 09 (रु.) | सम्पत्तियाँ | 2007 – 08 (रु.) | 2008 – 09 (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| अंश पूँजी | 30,000 | 50,000 | ख्याति | 5,000 | 3,000 |
| सामान्य संचय | 6,000 | 10,000 | भवन | 30,000 | 21,000 |
| लाभ-हानि खाता | 8,000 | 5,000 | मशीनरी | 20,000 | 40,000 |
| 9% ऋणपत्र | 9,000 | 4,000 | विनियोग | 10,000 | 12,000 |
| ऋण 12% | 3,000 | 5,000 | स्कन्ध | 6,000 | 4,000 |
| लेनदार | 8,000 | 5,000 | देनदार | 5,000 | 12,000 |
| देय बिल | 6,000 | 7,000 | रोकड़ | 3,000 | 2,000 |
| बैंक अधिविकर्ष | 7,000 | 4,000 | ऋणपत्रों के निर्गमन पर छूट | 2,000 | 1,000 |
| कर आयोजन | 4,000 | 5,000 | | | |
| | 81,000 | 95,000 | | 81,000 | 95,000 |

*समायोजन :*

(i) वर्ष में 2,500 रु. कर का भुगतान किया ।

(ii) भवन जिसकी लागत 9,000 रु. थी, 1,000 रु. के लाभ पर बेचा गया ।

(iii) 40% विनियोगों का विक्रय 80% पर हुआ ।

**अथवा**

31 मार्च, 2009 को मि. एक्स जो एकल व्यापारी हैं, के निम्नलिखित स्थिति-विवरण से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए :

**स्थिति-विवरण**

| देयताएँ | 2007 – 08 (रु.) | 2008 – 09 (रु.) | सम्पत्तियाँ | 2007 – 08 (रु.) | 2008 – 09 (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | 10,000 | 11,000 | रोकड़ | 4,000 | 11,000 |
| अदत्त व्यय | 2,500 | 500 | देनदार | 7,500 | 5,500 |
| मि. अ से ऋण | 5,000 | 2,500 | प्राप्य बिल | 2,500 | — |
| एक्स की पूँजी | 54,000 | 84,000 | स्कन्ध | 10,000 | 14,000 |
| | | | स्थाई सम्पत्तियाँ | 47,500 | 67,500 |
| | 71,500 | 98,000 | | 71,500 | 98,000 |

वर्ष के दौरान मि. एक्स ने 10,000 रु. अतिरिक्त पूँजी समाविष्ट की । स्थाई सम्पत्तियों पर 5,000 रु. ह्रास लगाने के उपरान्त वर्ष का शुद्ध लाभ 25,000 रु. था ।

**20.** Nazia & Bros. is a manufacturing concern of coolers. It provides you the following details. You are required to prepare a statement showing the cost of production : *6*

Work in progress on 1 January, 2009 :

| | |
|---|---|
| At prime cost | Rs. 51,000 |
| Manufacturing expenses | Rs. 25,000 |

Work in progress on 31 December, 2009 :

| | |
|---|---|
| At prime cost | Rs. 45,000 |
| Manufacturing expenses | Rs. 20,000 |

Stock of Raw Material, 1 January, 2009 – Rs. 2,05,000

| | |
|---|---|
| Purchases of Raw materials | Rs. 4,97,000 |
| Direct labour | Rs. 1,71,000 |
| Manufacturing expenses | Rs. 84,000 |

Stock of Raw Material on 31 December, 2009 – Rs. 2,04,000

| | |
|---|---|
| Office expenses | Rs. 36,000 |

**OR**

Explain with example the meaning of Marginal costing, Standard costing and Terminal costing.

नाज़िया एण्ड बादर्स एक कूलर विनिर्माण संस्था है, जिसने आपको निम्नलिखित सूचनाएँ दी हैं । आप उत्पादन लागत दिखलाने के लिए विवरण तैयार कीजिए :

1 जनवरी, 2009 को अर्द्ध निर्मित माल :

| | |
|---|---|
| मूल लागत पर | 51,000 रु. |
| विनिर्माण व्यय | 25,000 रु. |

31 दिसम्बर, 2009 को अर्द्ध निर्मित माल :

| | |
|---|---|
| मूल लागत पर | 45,000 रु. |
| विनिर्माण व्यय | 20,000 रु. |

1 जनवरी, 2009 को कच्चे माल का स्टॉक – 2,05,000 रु.

| | |
|---|---|
| कच्चे माल का क्रय | 4,97,000 रु. |
| प्रत्यक्ष श्रम (मज़दूरी) | 1,71,000 रु. |
| विनिर्माण व्यय | 84,000 रु. |

31 दिसम्बर, 2009 को कच्चे माल का स्टॉक – 2,04,000 रु.

| | |
|---|---|
| कार्यालय व्यय | 36,000 रु. |

**अथवा**

सीमान्त लागत-निर्धारण, मानक लागत-निर्धारण तथा अन्तस्थ (टर्मीनल) लागत-निर्धारण के अर्थ उदाहरण सहित समझाकर लिखिए ।